उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 25 फाल्गुन, शक संवत्, 1937
## ( दिनांक : 15 मार्च, 2016 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "ख" एवं "ग")

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम सिरपुर विचुवा, खटीमा में मुख्य मार्ग से विरेन्द्र महर के घर तक लगभग 350 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री नरेन्द्र भट्ट, निवासी ग्राम सिरपुर विचुवा, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम सिरपुर विचुवा, हनुमान गढ़ी खटीमा में पूरण सिंह के घर से हयात सिंह के घर तक 500 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री नरेन्द्र भट्ट, निवासी ग्राम सिरपुर विचुवा, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम पचौरिया, खटीमा में सम्पर्क मार्ग से राम सिंह धामी पदमपुर के घर तक 150 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बलवीर सिंह भण्डारी, निवासी ग्राम पचौरिया, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम पचौरिया, खटीमा में गोपाल राम के घर से कै0 मदन कुमार के घर तक 120 मीटर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बलवीर सिंह भण्डारी, निवासी ग्राम पचौरिया, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम चाँदपुर, खटीमा में मान सिंह के घर से तालाब तक 300 मीटर नाले का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री चन्द्र सिंह मुडेला, निवासी ग्राम चाँदपुर, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम बिल्हैरी, चकरपुर, खटीमा में जीवन सिंह सामन्त के घर से दीवान सिंह कोहली के घर तक 120 मीटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री विरेन्द्र राणा, निवासी ग्राम बिल्हैरी, चकरपुर, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम गोसीकुऑ लोहियाहेड खटीमा के 600 मीटर क्षतिग्रस्त नाले की पिचिंग का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री शाहउद्दीन अंसारी, निवासी ग्राम गोसीकुऑ लोहियाहेड, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम गोसीकुऑ लोहियाहेड खटीमा पुलिया से लेकर कालोनी कैम्प तक क्षतिग्रस्त मार्ग का सी0सी0 मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री अब्दुल राशिद, निवासी ग्राम गोसीकुऑ लोहियाहेड, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम बिल्हैरी, चकरपुर खटीमा में बिचपुरी मुख्य मार्ग से अटीचन बोर तक 275 मीटर सी0सी0 मार्ग निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बिरेन्द्र राणा, निवासी ग्राम बिल्हैरी, चकरपुर, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम मझोला, दुगाड़ी गोठ, खटीमा में सौर ऊर्जा प्लेटें लगवाने के सम्बन्ध में" श्री हरिकेश चन्द, ग्राम मझोला, दुगाड़ी गोठ, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

16. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

17. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

19. श्रीमती इन्दिरा हृदयेश, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण :-

"यह सदन माननीय राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 09 मार्च, 2016 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **"घ"**)

20. सिंचाई मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जलकर (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री अजय भट्ट,
2. श्री तीरथ सिंह रावत,
3. श्री हरबंस कपूर,
4. श्री बंशीधर भगत,
5. श्री बिशन सिंह चुफाल,
6. श्री मदन कौशिक,
7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
8. श्री हरभजन सिंह चीमा,
9. श्री अरविन्द पाण्डे,
10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,
11. श्री चन्द्रशेखर,
12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,
13. श्री गणेश जोशी,
14. श्री पुष्कर सिंह धामी,
15. श्री राजेश शुक्ला,
16. डा0 प्रेम सिंह राणा,
17. श्री राजकुमार ठुकराल,
18. श्री महावीर सिंह रांगड़,
19. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,
20. स्वामी यतीश्वरानन्द,
21. श्री दलीप सिंह रावत,
22. श्री पूरन सिंह फर्त्याल।

**संशोधन का रूप**

"उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जलकर (संशोधन) विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

21. सिंचाई मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जलकर (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

22. सिंचाई मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जल प्रबन्धन और नियामक (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री अजय भट्ट,
2. श्री तीरथ सिंह रावत,
3. श्री हरबंस कपूर,
4. श्री बंशीधर भगत,
5. श्री बिशन सिंह चुफाल,
6. श्री मदन कौशिक,
7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
8. श्री हरभजन सिंह चीमा,
9. श्री अरविन्द पाण्डे,
10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,
11. श्री चन्द्रशेखर,
12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,
13. श्री गणेश जोशी,

**संशोधन का रूप**

"उत्तराखण्ड जल प्रबन्धन और नियामक (संशोधन) विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

14. श्री पुष्कर सिंह धामी,
15. श्री राजेश शुक्ला,
16. डा0 प्रेम सिंह राणा,
17. श्री राजकुमार ठुकराल,
18. श्री महावीर सिंह रांगड़,
19. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,
20. स्वामी यतीश्वरानन्द,
21. श्री दलीप सिंह रावत,
22. श्री पूरन सिंह फर्त्याल।

23. सिंचाई मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जल प्रबन्धन और नियामक (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

24. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

<u>प्रस्तावक का नाम</u>

1. श्री अजय भट्ट,
2. श्री तीरथ सिंह रावत,
3. श्री हरबंस कपूर,
4. श्री बंशीधर भगत,
5. श्री बिशन सिंह चुफाल,
6. श्री मदन कौशिक,
7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
8. श्री हरभजन सिंह चीमा,
9. श्री अरविन्द पाण्डे,
10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,
11. श्री चन्द्रशेखर,
12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,
13. श्री गणेश जोशी,
14. श्री पुष्कर सिंह धामी,
15. श्री राजेश शुक्ला,
16. डा0 प्रेम सिंह राणा,
17. श्री राजकुमार ठुकराल,
18. श्री महावीर सिंह रांगड़,
19. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,
20. स्वामी यतीश्वरानन्द,
21. श्री दलीप सिंह रावत,
22. श्री पूरन सिंह फर्त्याल।

<u>संशोधन का रूप</u>

"उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

23. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद् विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

24. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक 2016 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री बंशीधर भगत,<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>9. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,<br>11. श्री चन्द्रशेखर,<br>12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,<br>13. श्री गणेश जोशी,<br>14. श्री पुष्कर सिंह धामी,<br>15. श्री राजेश शुक्ला,<br>16. डा0 प्रेम सिंह राणा,<br>17. श्री राजकुमार ठुकराल,<br>18. श्री महावीर सिंह रांगड़,<br>19. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,<br>20. स्वामी यतीश्वरानन्द,<br>21. श्री दलीप सिंह रावत,<br>22. श्री पूरन सिंह फर्त्याल। | "उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

23. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक 2016 पारित किया जाय।

24. वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

25. शिक्षा विभाग द्वारा एक शैक्षणिक सत्र में एक ही उद्देश्य की पूर्ति हेतु निर्गत किये गये शासनादेशों में की गयी अलग-अलग व्यवस्था के अनुपालन में एक ही शैक्षणिक सत्र में अधिवर्षता आयु प्राप्त शिक्षकों के मध्य उत्पन्न विसंगति विषयक, दिनांक 19 मार्च, 2015 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 के संबंध में श्री पुष्कर सिह धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

26. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

27. उत्तराखण्ड गन्ना समितियों में कार्यरत् कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों में समायोजित किये जाने के संबंध में, श्री सरवत करीम अंसारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, गन्ना मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

28. विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत दिनांक 18 दिसम्बर, 2015 से लापता प्रेमनगर के मिठ्ठी बेहड़ी निवासी श्री संदीप कुमार पुत्र श्री तेजपाल सिंह का पुलिस द्वारा कथित रूप से सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात् लावारिस समझकर अंतिम संस्कार किये जाने के संबंध में, श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2016 को दी गई सूचना पर, गृह मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक :14 मार्च, 2016

प्रथम सत्र, 2016
का प्रथम मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 25 फाल्गुन, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 15 मार्च, 2016 )

## नत्थी "क"

<u>अल्पसूचित प्रश्न</u>

श्री मदन कौशिक
29.02.16

** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विकास प्राधिकरण में आवास नक्शा स्वीकृति से प्राप्त हुई आय को खर्च करने की क्या कोई नीति है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नीति के अनुसार खर्च नहीं करने के क्या कारण हैं एवं सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

नत्थी–''ख''

स्थगित तारांकित प्रश्न

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2016 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री मदन कौशक
07.08.2015

*1 . **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे की राज्य में वर्ष 2012–13, 2013–14 तथा 2014–15 में स्पेशल काम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों को कितनी कितनी धनराशि आवंटित की गयी है तथा इसमें आवंटन की नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**समाज कल्याण**

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2016 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री बिशन सिंह चुफाल
10.08.2015

*2. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के क्या मानक हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में प्रदेश में जनपदवार निर्माण कार्यों हेतु कितना धन स्वीकृत किया गया है ?

**समाज कल्याण**

## नत्थी–''ग''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.02.2016 | *1. विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम मंगलवार को उत्तरित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 02 के कम में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सकों तथा फार्मासिस्टों और उपकेन्द्र में ए0एन0एम0 के रिक्त पदों को भरने की दिशा में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राज्य में चिकित्सकों/फार्मासिस्टों/ए0एन0एम0 के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती कब तक किए जाने की सम्भावना है और इसके लिए क्या कार्ययोजना तैयार की गयी है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक<br>03.02.2016 | *2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने सी0एस0सी0/पी0एच0सी0 व मोबाईल वैन पी0पी0 मोड पर चलाये जा रहे हैं ? क्या सरकार द्वारा वर्तमान में कियान्वयन नीति के अन्तर्गत संचालित नहीं करने के कितने प्रकरण इन वर्षों में संज्ञान में आये हैं तथा क्या कार्यवाही सुनिश्चित की गई है? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.02.2016 | *03. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के दृष्टिगत खेल नीति–2014 के अन्तर्गत खेल अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है ? यदि हां तो अभी तक कितने अवस्थापना कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने अवस्थापना कार्य अपूर्ण हैं? यदि नहीं, तो अवस्थापना सुविधाओं को विकसित न किये जाने के क्या कारण हैं? | **खेल** |
| श्री हरबंस कपूर<br>04.02.2016 | *04. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में वन्य जीवों द्वारा किसानों की फसलों को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है? यदि हां, तो किसानों को मुआवजे की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री हरबंस कपूर<br>04.02.2016 | *05. **तृतीय गुरूवार के तारांकित –7 में स्थानान्तरित**<br>क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून महानगर क्षेत्र में सीवर एवं पेयजल लाईन बिछाने का कार्य गतिमान है? क्या उक्त कार्य समय बद्धता समयानुसार एवं गुणवत्ता पूर्वक किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री हरबंस कपूर<br>04.02.2016 | *06. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के कुल कितने U-PHC पी0पी0पी0 मोड पर चल रहे हैं ? क्या सरकार के शासनादेश से पूर्व कोई संचालक संस्था उस चिकित्सालय के नाम पर जिसके लिये आवेदन किया है स्टाफ की भर्ती कर सकता है ? यदि हां, तो कैसे ? यदि नहीं, तो संज्ञान में आने के बाद संस्था एवं संबंधित अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ? | **स्वास्थ्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2016 | *07. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/एलोपैथिक चिकित्सालय हैं और उनके सापेक्ष कितने स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक तैनात हैं ? क्या यह भी सत्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों के रिक्त पदों के कारण स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित हो रही हैं ? यदि हां तो सरकार द्वारा समस्या के स्थायी समाधान हेतु कोई योजना तैयार की गयी है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.02.2016 | *08. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में कितने ऐलोपैथिक, आर्युवैदिक व होम्योपैथिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमे सरकार द्वारा कितने चिकित्सक, सहायक, स्टाफ के अतिरिक्त कितने उपकरणों के सापेक्ष क्या–क्या व्यवस्थाऐं की गयी हैं और क्या–क्या कमियां रह गयी हैं ? क्या सरकार उक्त कमियों को पूरा करने के लिए कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.02.2016 | *09. | क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा अनुसूचित जाति व गरीब विधवा महिलाओं की बेटी की शादी हेतु जो अनुदान राशि देने का प्रावधान किया गया है वह अधिकांश को नहीं मिल रहा है? क्या सरकार जिलेवार प्राप्त होने वाले पात्र आवेदनों का विवरण देते हुए बताने का कष्ट करेगी कि आवेदनों के सापेक्ष कितने पात्र आवेदकों को भुगतान किया गया और कितने शेष रह गये ? क्या सरकार आवेदन करने वाले सभी पात्र आवेदकों को तय अनुदान राशि का भुगतान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री मदन कौशिक<br>04.02.2016 | *10. | **सदन में नियम–58 के अन्तर्गत चर्चा होने के कारण निरस्त**<br>क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मिलों पर गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य का कितना भुगतान बाकी है ? क्या सरकार बकाया गन्ना भुगतान सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना विकास |
| श्री मदन कौशक<br>04.02.2016 | *11. | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे की राज्य में वर्ष 2012–13, 2013–14 तथा 2014–15 में स्पेशल काम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों को कितनी–कितनी धनराशि आवंटित की गयी है तथा इसमें आवंटन की नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री चन्दन राम दास<br>05.02.2016 | *12. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2014–15 वित्तीय वर्ष में एस0सी0पी0 के अवस्थापना मद में कितनी धनराशि का परिव्यय आवंटन था तथा उसके विपरीत कितनी धनराशि जिलेवार तथा विधान सभावार आवंटित की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी स्पष्ट करेंगे कि उक्त धनराशि अनु0 जाति की आबादी को आधार बना कर आवंटन की गई या अन्य किसी कारणों से? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>05.02.2016 | *13. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट नेशनल पार्क के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 व वर्ष 2013–14 में लैन्टाना उन्मूलन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी उनका रेंजवार पूर्ण विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त क्षेत्र से कितने हैक्टेयर लैन्टाना का उन्मूलन किया गया है एवं कितना हैक्टयर लैन्टाना शेष रहा है ? क्या सरकार इसका पूर्व विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | वन |
| श्री दलीप रावत<br>05.02.2016 | *14. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लालढांग (हरिद्वार) कोटद्वार–कालागढ–रामनगर मार्ग जो वन क्षेत्र से होकर जाता है के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है ? यदि हां, तो उक्त मार्ग पर वन विभाग द्वारा कार्य न करने देने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त मार्ग को जनता के लिए बिना रोक टोक आवागमन हेतु अनुमति दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.02.2016 | *15. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग उत्तर प्रदेश में सेवा काल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उत्तराखण्ड राज्य में वन विभाग द्वारा कितने मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की गयी है और यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश में मृतक होने के कितने समय बाद दी गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यदि उत्तर प्रदेश में मृत हुए मृतकों के आश्रितों को उत्तराखण्ड राज्य बन जाने के पश्चात नियुक्ति प्रदान की गयी है तो शेष रह गये मृतक आश्रितों को भी नियुक्ति प्रदान करेंगे ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.02.2016 | *16. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, संयुक्त स्वास्थ्य केन्द्र व जनपदीय (महिला, पुरूष) चिकित्सालयों में पृथक–पृथक कितने सामान्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के सापेक्ष कितने चिकित्सक कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों पर सामान्य व विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति शीघ्र करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>05.02.2016 | *17. | **चतुर्थ मंगल के तारांकित 09 में स्थानान्तरित**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार मद्य निषेध विभाग, मद्य निषेध सलाहकार परिषद का गठन किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक उक्त विभाग/सलाहकार परिषद के गठन हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>05.02.2016 | *18. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति को रोकने तथा इससे आर्थिक व शारीरिक रूप से होने वाले नुकसान को रोकने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान चलाये जाने पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से कोई ठोस कार्य योजना संचालित कर रही है अथवा संचालित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो अभी तक इस ओर सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 06.02.2016 | *19. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संचालित ऐसे मातृ, शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्रों का सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार विवरण क्या है जिनमें ए0एन0एम0 की स्थायी तैनाती नहीं है ? ऐसे उपकेन्द्रों में ए0एन0एम0 की नियुक्ति/तैनाती किए जाने के संबंध में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का उपकेन्द्रवार विवरण क्या है तथा कब तक इन उपकेन्द्रों में ए0एन0एम0 की नियुक्ति/तैनाती किए जाने की सम्भावना है ? इस विलम्ब के कारण क्या हैं तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? क्या यह भी सत्य है कि राज्य में सैकड़ों ए0एन0एम0 के पद एक लम्बी अवधि से रिक्त चले आ रहे हैं ? यदि हां, तो रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या है तथा राज्य में प्रशिक्षित ए0एन0एम0 की जनपदवार संख्या क्या है और प्रशिक्षित ए0एन0एम0 की नियुक्ति/तैनाती किए जाने के संबंध में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 06.02.2016 | *20. | क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गयी है ? यदि हां, तो अभी तक प्रदेश के कितने परिवारों के लिए चिन्हित बीमारियों के लिए स्वास्थ्य सेवा चिन्हित अस्पतालों में कराई गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 03.02.2016 | 01. | क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में लधिया घाटी क्षेत्र में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौड़ा मेहता में लम्बे समय से चिकित्सक तैनात नहीं है ? क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत 04.02.2016 | 02. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के बनखत्तों एवं गोठों में संचालित विद्यालयों के लिए टीनशेड द्वारा अस्थायी शौचालय निर्माण हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी, नैनीताल के पत्रांक 554–57/स0जि0अ0/नि0का0–वन भूमि/2015 दिनांक 27.07. 2015 के द्वारा सभी संबंधित प्रभागीय वनाधिकारियों एवं निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर नैनीताल को लिखा गया है ? क्या यह भी सत्य है कि इसी प्रकरण में अपर प्रमुख वन संरक्षण (प्रशासन) उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक ख–740/2/17–21–9050 दिनांक 03 अक्टूबर, 2015 के द्वारा प्रमुख वन संरक्षण कुमायूं नैनीताल को लिखा गया है ? यदि हां, तो उपरोक्त संबंधित वनाधिकारियों द्वार की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा भारत स्वच्छ अभियान को दृष्टिगत रखते हुए इन वन ग्रामों में संचालित विद्यालयों में टीन शेड द्वारा शौचालयों के निर्माण हेतु कब तक अनुमति दिये जाने की संभावना है तथा इस विलम्ब के कारण क्या हैं ? | वन |

श्री गणेश जोशी
04.02.2016

03. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल आबादी की कितनी प्रतिशत जनसंख्या अन्य पिछड़ा क्षेत्र के अन्तर्गत निवास कर रही है एवं पिछड़ा क्षेत्र घोषित किये जाने के क्या नियम हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी अन्तर्गत भटवेड़ी पट्टी को आज तक पिछड़ा क्षेत्र घोषित नहीं किया गाय है जबकि उसके बराबर में स्थित सकलाना पट्टी पिछले कई वर्षों से अन्य पिछड़ा क्षेत्र के अन्तर्गत आती है ? यदि हां, तो क्या सरकार भटवेडी पट्टी को पिछड़ा क्षेत्र घोषित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**समाज कल्याण**

श्रीमती अमृता रावत
04.02.2016

4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत पाटकोट–रामपुर–टोनिया–कोटाबाग 8 कि0मी0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु वनभूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव दिनांक 27/12/2014 को आनलाइन प्रस्तुत किया गया है किन्तु अभी तक वनभूमि हस्तान्तरित नहीं हो पाई है जिसके कारण अभी तक उक्त मोटर मार्ग निर्माण नहीं हो पा रहा है ? यदि हां तो तब से अब तक यह प्रकरण/पत्रावली किस–किस अधिकारी के स्तर पर लम्बित चली आ रही है तथा कब तक उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि हस्तान्तरित की जायेगी तथा इस भारी विलम्ब के कारण क्या हैं?

**वन**

श्री पुष्कर सिंह धामी
05.02.2016

5. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु अनेकों बार किये गये प्रयासों के बाबजूद भी स्टेडियम न बनाये जाने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रकरण को संज्ञान में लाने के बाद सीमान्त क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**खेल**

श्री हरबंस कपूर
05.02.2016

6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि संयुक्त चिकित्सालय प्रेमनगर को विधायक निधि द्वारा उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस से जनता को सुविधायें दी जा रही हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि 01 जनवरी, 2015 से 31 जुलाई 2015 तक इस एम्बुलेंस का कितने मरीजों ने सदुपयोग किया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

श्री दलीप रावत
05.02.2016

7. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बहुत से पुल, सड़कें व पेयजल योजनायें अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु लम्बित है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**वन**

श्री गणेश जोशी
05.02.2016

8. **द्वितीय गुरूवार के तारांकित–48 में स्थानान्तरित**

क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि मसूरी स्थित किंक्रेग में मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि दिनांक 28 मार्च, 2015 को उनके द्वारा उक्त पार्किंग का शिलान्यास किये जाने के बाद भी आज तक पार्किंग का कार्य प्रारम्भ नही हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार मसूरी के किंक्रेग में पार्किंग निर्माण का कार्य प्रारम्भ करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 06.02.2016 | 9. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्रम सुन्दरखाल एवं चुकम का विस्थापन किए जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 572/मंत्री/18–राजस्व/2013–14 दिनांक 06 फरवरी, 2014 पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपनी टिप्पणी में प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ? यदि हां, तो दिए गए निर्देशों तथा उनके कियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा ग्राम सुन्दरखाल तथा ग्राम चुकम के विस्थापन हेतु की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक इन ग्रामों का विस्थापन किए जाने की संभावना है ? | **वन** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 06.02.2016 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राजमार्गों/यात्रा मार्गों पर प्रत्येक पचास कि0मी0 पर स्थित चिकित्सालयों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का उन्नयन करते हुए चरणबद्ध रूप से ट्रामा सेंटर की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो अभी तक कितने ट्रामा सेन्टर की स्थापना की जा चुकी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी 06.02.2016 | 11. **द्वितीय सोमवार के अतारांकित –74 में स्थानान्तरित**<br>क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि उनकी घोषणानुरूप विभाग द्वारा कब्रिस्तानों के सौन्दर्यीकरण हेतु शासन को आगणन भेजे जा चुके हैं किन्तु शासन द्वारा कुछ कब्रिस्तानों को छोड़ अन्य किसी के लिए कोई धनराशि जारी नहीं की है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी अन्तर्गत कुल कितने कब्रिस्तान है एवं कितने कब्रिस्तानों के लिए उसकी चाहरदीवारी, सोलर लाइट, कमरा निर्माण एवं अन्य कार्यों के निर्माण हेतु शासन स्तर पर मांग की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधान सभा क्षेत्र मसूरी के समस्त कब्रिस्तानों के निर्माण हेतु धनराशि जारी करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री गणेश जोशी 06.02.2016 | 12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने ए0एन0एम0 सेंटर हैं और प्रत्येक में उनके सापेक्ष पदों पर कितने कर्मचारी तैनात हैं ? क्या मंत्री जी जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार विधान सभा क्षेत्र मसूरी के ग्राम पंचायत फूलैत में ए0एन0एम0 सेंटर खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 08.02.2016 | 13. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 605/मंत्री/5–पशुपालन/2013–14 दि011 फरवरी, 2014 के द्वारा जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के कानिया क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की स्थापना किए जाने का अनुरोध किया गया है? यदि हां, तो कानिया क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की स्थापना किए जाने के संबंध में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक कानिया क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की स्थापना किए जाने की सम्भावना है ? | **पशुपालन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>08.02.2016 | 14. **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित–49 में स्थानान्तरित**<br>क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून महानगर क्षेत्र को सीवर लाइन से अच्छादित करने का कोई कार्य चल रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना का प्रारूप क्या है तथा इसे कब तक पूरा होना है ? | नगर विकास |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.02.2016 | 15. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में जिला स्तरीय खेल स्टेडियम बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या भूमि आदि के चयन की कार्यवाही हो रही है ? यदि हां, तो कहां व कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री दलीप रावत<br>08.02.2016 | 16. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा लैंसडौन के अन्तर्गत ग्राम–भौन विकासखण्ड–नैनीडांडा में पशु चिकित्सा केन्द्र स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो उक्त केन्द्र में अभी तक कोई कर्मचारी नियुक्त न करने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं तो पूर्व में उक्त स्थान में पशु चिकित्सक को नियुक्ति देने के क्या कारण थे ? | पशुपालन |
| श्री दलीप रावत<br>08.02.2016 | 17 **द्वितीय सोमवार के अतारांकित–73 में स्थानान्तरित**<br>क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जिला पौड़ी गढ़वाल के तहसील कोटद्वार के अन्तर्गत मेडिकल कालेज स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो उसकी प्रगति की क्या स्थिति है ? क्या वर्ष 2016–17 तक उक्त मेडिकल कालेज का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा |
| श्री दलीप रावत<br>08.02.2016 | 18 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत कितने प्राथमिक/सामुदायिक/संयुक्त चिकित्सालय हैं ? क्या उक्त चिकित्सालयों में विभिन्न पदों में पूरे कर्मचारी नियुक्त हैं ? यदि हां, तो उनका पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.02.2016 | 19. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत में विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत मडलक क्षेत्र नेपाल सीमा से लगा क्षेत्र है जहां पर एलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार उक्त सीमान्त क्षेत्र की समस्याओं के दृष्टिगत एलोपैथिक चिकित्सालय हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>09.02.2016 | 20. क्या शहरी विकास मंत्री बताएंगे कि सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उपरोक्त व्यवस्था का देहरादून नगर निगम क्षेत्र में लागू है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरीविकास |
| श्री दलीप रावत<br>09.02.2016 | 21. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रिखणीखाल का उच्चीकरण किया गया है ? यदि हां, तो इसके उच्चीकरण की सैद्धान्तिक स्वीकृति की तिथि क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या विभाग द्वारा उच्चीकरण की समस्त औपचारिकताऐं पूर्ण कर ली गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>11.02.2016 | 22. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के अन्तर्गत नाथ जाति के लोगों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र न देने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार द्वारा नाथ जाति के प्रमाण पत्र दिये जायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाजकल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.02.2016 | 23. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में किन किन एलोपैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सक नहीं है ? क्या सरकार चिकित्सक विहीन चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>09.02.2016 | 24. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर का अधिकांश भाग वन क्षेत्रों से सटा होने के कारण आये दिन जंगली जानवरों हाथी, बाघ आदि का आतंक बना रहता है और क्षेत्रवासियों की फसलों को भी जंगली जानवर नुकसान पहुंचाते रहते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार जंगली जानवारों से जान माल व फसलों की सुरक्षा हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>10.02.2016 | 25. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में लोक सेवा आयोग द्वारा पास कर नियुक्ति हेतु कितने चिकित्सक योग्य पाये गये हैं ? क्या परीक्षा में निम्न मैरिट में आये, चिकित्सकों को सरकार भविष्य में नियुक्ति देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप रावत<br>10.02.2016 | 26. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से राजस्व ग्रामों को जो धनराशि दी जाती है वह धनराशि वर्ष 2015–16 में प्रदेश के समस्त राजस्व ग्रामों को उपलब्ध करा दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>10.02.2016 | 27. **तृतीय गुरूवार के अतारांकित–04 में स्थानान्तरित**<br>क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत आज तक कोई वृहद खेल मैदान का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे युवा प्रतिभाओं को खेल क्षेत्र में काफी परेशानी हो रही है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या शासन स्तर पर मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गल्जवाड़ी में खेल मैदान बनाये जाने का कोई प्रस्ताव लम्बित है ? यदि हां, तो क्या सरकार गल्जवाड़ी में खेल मैदान बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>10.02.2016 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के धनोल्टी चिकित्सालय लगभग 20 वर्ष पूर्व से किराये पर चल रहा है और पूर्व में चिकित्सा भवन स्वीकृत हुआ था लेकिन भूमि उपलब्ध न होने से लम्बित पड़ा हुआ है जबकि वहां पर राजस्व की 100 नाली भूमि उपलब्ध है ? क्या सरकार चिकित्सा भवन के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 10.02.2016 | 29. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सहसपुर में सी0एच0सी0 में तकनीकी उपकरण (एक्सरे मशीन/अल्ट्रासाउण्ड मशीन) व तकनीकी स्टाफ का अभाव हे ? यदि हां, तो उपरोक्त सुविधा कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.02.2016 | 30. **आश्वासन समिति के अन्तर्गत विचाराधीन होने के कारण निरस्त**<br>क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत, लोहाघाट नगर के लिए पूर्व में प्रस्तावित दो टैक्सी स्टेण्डों के लिए स्वीकृत सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरीविकस** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.02.2016 | 31. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट केरंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट को पी0पी0पी0 मोड में दिये जाने से जनता की ओर से लगातार शिकायतें आ रही हैं ? क्या अस्पताल में हो रही अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार एजेन्सी का करार सरकार रद्द करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 11.02.2016 | 32. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–चम्पावत के लोहाघाट में इमारती लकड़ी डिपो खोले जाने के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है? क्या सरकार लोहाघाट में वन निगम का इमारती लकड़ी का डिपो खोलेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **वन** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 11.02.2016 | 33. **बहुविभागीय होने के कारण निरस्त**<br>क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में तथा ग्राम सभा अमाऊ में जल भराव की समस्या से त्रस्त क्षेत्रवासियों की सुविधा हेतु जल भराव की समस्या से निजात दिलाएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं? तो क्यों? | **शहरीविकास** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 15.02.2016 | 34. क्या वन मंत्री अवगत है कि विधायक निधि और सांसद निधि से 3 लाख तक के निर्माण कार्य वन पंचायतों से कराये जा सकते है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वन पंचायतों में क्या–2 कार्य कराये जा सकते है और क्या कार्यदायी संस्था में वन पंचायतों को रखा जा सकता है? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 15.02.2016 | 35. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यदि किसी छात्रा को गैरा देवी कन्याधन योजना के तहत 25000/– या 50000/रूपये की राष्ट्रीय बचत पत्र (एन0एस0सी) दी जाती है और उसकी पूर्ण होने से पहले छात्रा की मृत्यु हो जाती है तो उस राशि को क्या उसके माता पिता, अभिभावकों को दिया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि छात्रा की मृत्यु के उपरान्त निवेदन करने पर शीघ्र यह राशि दी जायेगी या समय पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 15.02.2016 | 36. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत मालधनचौड़ के जयमां सती देवी मन्दिर, शिवनाथपुर, नई बस्ती देवीनाला में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत सामूहिक भवन का निर्माण करवाए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 84/मंत्री/12–समाज कल्याण/2013–14 दिनांक 10 जनवरी, 2014 के साथ अग्रसारित प्रत्यावेदन में वर्णित तथ्यों और की गयी मांग के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित भवन का निर्माण करवाए जाने की संभावना है ? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती ममता राकेश 15.02.2016 | 37. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में स्वास्थ्य केन्द्रों में पुराने ढॉचे के अनुसार फार्मासिस्ट के पद सृजित है, जिसमें समयानुसार वृद्धि न होने के कारण कठिनाईयॉ उत्पन्न हो रही है ? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि जनपद के 161 उपकेन्द्र है, जिसमें फार्मासिस्ट के पद सृजित नहीं हैं ? यदि हॉ तो क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य समस्याओं के निदान हेतु शीघ्र फार्मासिस्टों के नये पदों का सृजन कर नियुक्ति करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महन्त दलीप रावत 15.02.2016 | 38. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि वन विभाग के अन्तर्गत ढ़ोलखेतवाल–अमलेसा मार्ग के 1 कि0मी0सड़क हेतु वन भूमि लो0नि0वि0 को अभी तक हस्तान्तरित न करने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त भूमि लो0नि0वि0 को हस्तान्तरित की जायेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **वन** |
| श्री महन्त दलीप रावत 15.02.2016 | 39. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चुन्डाई, धोलखेतखाल, अमलेसा, शीरूवाड़ी मार्ग के लगभग 1 कि0मी0 सड़क निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र दे दिया गया हैं ? यदि नहीं तो इसके विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त मार्ग के निर्माण हेतु इस वर्ष लो0नि0वि0 को अनापत्ति प्रमाण–पत्र दे देगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **वन** |
| श्री महन्त दलीप रावत 15.02.2016 | 40. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वनघट–छानीखाल हेतु स्वीकृत सड़क मार्ग को वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र दे दिया गया हैं ? यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त सड़क मार्ग हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र दे देगी ? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री महन्त दलीप रावत 15.02.2016 | 41. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि राज्य में खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रत्येक विद्यालयों को प्रतिवर्ष आयोजन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की जाती है, उसका पूर्ण विवरण क्या हैं ? क्या ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए दी जा रही धनराशि को बढ़ाया जा रहा है ? यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं तो क्यों ? | **खेल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 16.02.2016 | 42. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के तुमडियाखत्ता में लगभग 50 वर्षों से रह रहे वनगूजरों को झुग्गी–झोपड़ी तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर द्वारा दिनांक 21 मई, 2015 को तुडवा दी गई है और उनके बर्तन एवं अन्य साज सामग्री बलपूर्वक उठाकर ले गए एवं विद्यालय भवन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है ? यदि हां, तो 50 वर्षों से रह रहे वनगूजरों को बिना पूर्व सूचना अथवा नोटिस दिए ही बलपूर्वक हटाए जाने का कारण क्या है तथा वनगूजरों के साथ अमानवीय व्यवहार करने तथा उनका उत्पीड़न करने के कारण क्या है और इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? क्या यह भी सत्य है कि तुमड़िया खत्ता में नए वनगूजरों को बसाया जा रहा है जबकि 50 वर्षों से रह रहे इन वनगूजरों को बलपूर्वक हटवाया जा रहा है ? यदि हां, तो इस पक्षपात एवं अविवेकपूर्ण रवैये के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा वनगूजरों के पुनर्वास हेतु सरकार की क्या योजना है और कब तक इन वनगूजरों का पुनर्वास किए जाने की संभावना है ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 16.02.2016 | 43. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 व 2014–15 में कुल कितने हैक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण विभाग द्वारा कराया गया का तद्सम्बन्धी पूर्ण विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे, कि वर्तमान समय में कुल कितने वृक्ष जीवित हैं, तथा कितना धन वृक्षारोपण पर व्यय किया गया तथा तद्सम्बन्धी पूर्ण विवरण क्या हैं ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 16.02.2016 | 44. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि प्रदेश में फार्मासिस्टों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं, और उसके सापेक्ष कुल कितने पदों में फार्मासिस्ट कार्यरत हैं, तथा रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति किये जाने की सम्भावना हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं, कि फार्मासिस्टों के रिक्त पदों के कारण चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है, जिसके कारण जनता को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं ? क्या सरकार जनहित में पदों पर फार्मासिस्टों की नियुक्ति करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 16.02.2016 | 45. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र में कितने प्राधिकरणों की अधिकारिता है ? क्या सरकार साडा की अधिकारिता से समस्त क्षेत्र को मुक्त करने पर विचार करेंगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **आवास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 16.02.2016 | 46. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एल0डी0भटट चिकित्सालय काशीपुर में डाक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्टाफ के कितने–कितने पद स्वीकृत है और स्वीकृत पदों के सापेक्ष सरकार द्वारा इन पदों पर कितनी नियुक्तियॉ की गई है और कितने पद कितने वर्षों से रिक्त चले आ रहे हैं ? क्या सरकार सम्बन्धित विवरण सदन को उपलब्ध करायेगी और रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया कब तक पूर्ण करेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **चिकित्सा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 17.02.2016 | 47. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही आशा कार्यकत्रियों को उनके कार्य के लिए कितना अनुदान दिया जाता है ? क्या आशा कार्यकत्रियों के कार्य को देखते हुए उनका अनुदान बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **चिकित्सा** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 17.02.2016 | 48. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि काशीपुर स्थित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय भवन काफी जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है और इस भवन के जीर्णोद्वार हेतु प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है ? यदि हॉ तो सम्बन्धित भवन के जीर्णोद्वार हेतु शासन द्वारा धन स्वीकृत कर दिया गया है ? यदि हॉ तो कितना धन स्वीकृत किया गया है और भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 17.02.2016 | 49. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार एल0डी0भट्ट चिकित्सालय काशीपुर का उच्चीकरण कर बेस चिकित्सालय बनाने जा रही है ? यदि हॉ तो उसका शासनादेश जारी कर उसे कब तक लागू किया जायेगा ? यदि नहीं तो क्यों ? | **चिकित्सा** |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2016 | 50. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वली ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा संचालित टेकवर्ड संस्थान को उक्त संस्थान की स्थापना से वर्तमान तक अनुसूचित जाति/अन्य पिछडा वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति के अन्तर्गत वर्षवार कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायगे कि उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कितने छात्र–छात्राओं को उक्त छात्रवृत्ति का वितरण किया गया, सम्पूर्ण छात्रों के नाम पते का विवरण क्या है ? | **समाज कल्याण** |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.16 | 51. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वली ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा संचालित टेकवर्ड संस्थान के द्वारा अन्य पिछडा वर्ग की दशमेत्तर छात्रवृत्ति के अन्तर्गत अनियमितता बरतने के कारण काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिया गया है ? क्या प्रदेश सरकार उक्त संस्थान के विरूद्व कठोर कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| डॉ0 प्रेम सिंह राणा 18.02.16 | 52. क्या स्वाथ्य मंत्री अवगत है कि जनपद उधमसिंहनगर जिले के नानकमत्ता के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण तो हो गया हैं लेकिन वर्तमान समय में चिकित्सकों के न होने के कारण स्थानीय जनता स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं ? क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र चिकित्सकों की नियुक्ति करायेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 18.02.16 | 53. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेलाकुई व स्वास्थ्य विभाग में संविदा में तैनात कर्मचारियों को लगभग 7–8 वर्षो से मात्र 4,000 रू0 मासिक वेतन दिया जा रहा है ? क्या सरकार के द्वारा उक्त स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत इन संविदा कर्मचारियों का मासिक वेतन बढ़ाये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 08.02.2016 | 54. | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बी0एस0एफ तथा सी0आर0पी0एफ के पूर्व सैनिकों को पूर्व की भांति कैन्टीन सुविधा देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **अर्द्ध सैनिक कल्याण निगम** |